| 1

Copyright © 2020 Vhp. | All rights reserved. . . | 1

प्रेस विज्ञप्ति: न्यायालय से सड़कों तक लड़ेंगे किन्तु मुस्लिम आरक्षण का काला कानून बर्दास्त नहीं करेंगे : डॉ सुरेंद्र जैन

नागपुर। फरवरी 29, 2020। महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुसलमानों को 5% आरक्षण दिए जाने पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव डॉ सुरेंद्र जैन ने आज नागपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि हिंदुत्व इनके दिल से निकल कर सिर्फ जुबान तक सीमित रह गया. उन्होंने कहा कि शिवसेना न सिर्फ महाराष्ट्र की हिंदू जनता को बल्कि शिवाजी महाराज और बाला साहब ठाकरे जी को भी धोखा दे रही है. 73 वर्षों से मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति हो रही थी। इसके बावजूद भी इस देश के अंदर शाहीन बाग होते हैं, मुस्लिम बाहुल्य बस्तियों में दंगे होते हैं, आइबी अफसर को चाकूओं से गोद दिया जाता है किन्तु फिर भी इन्हें अकल नहीं आती। अब उध्दव सरकार को तय करना है कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ है या औरंगजेब के अनुयायियों के साथ। विश्व हिंदू परिषद इस मामले को सड़कों से अदालत तक ले जाएगी लेकिन मुस्लिमतुष्टीकरण के लिए सांप्रदायिक आधार पर किसी भी तरह के आरक्षण का काला कानून बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

| 2

Copyright © 2020 Vhp. | All rights reserved. . . | 2

सभा से पूर्व एक शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें सैंकडों लोगों ने भाग लिया।
महाल नागपुर के चटनीष पार्क मैदान में आज सायंकाल में
उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए देवनाथ मठ अंजनगांव सुरजी के पीठाधीश्वर परम
पूजनीय जितेंद्र नाथ जी महाराज
ने हिन्दू समाज की एकता पर बल
दिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू
परिषद के प्रांत मंत्री श्री
गोविंद शिंदे, बजरंग दल मुंबई
क्षेत्र के संयोजक श्री देवेश
मिश्रा, विदर्भ के प्रांत संयोजक श्री अमोल अंधारे युवा उद्योगपति तथा नागपुर महानगर के विहिप अध्यक्ष श्री सुदर्शन शेंडे भी उपस्थित थे।

जारीकर्ता
विनोद बंसल
राष्ट्रीय प्रवक्ता
विश्व हिंदू परिषद